आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.09.2025 समय : 1905

- **पूर्णिया में प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार, पश्चिम बंगाल और असम को घुसपैठियों से मुक्त कराने का किया वादा।**
- **सेवा पर्व के तहत भारत सरकार ने पर्यावरण सरंक्षण और जैव विविधता संवर्धन पर ज़ोर दिया।**
- **जी एस टी में बदलाव से खाद्य प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक सेक्टर में होंगे बड़े सुधार।**
- **मछली बाज़ार की बिजली आपूर्ति संकट के समाधान के लिए सांसद ने की मुख्य सचिव से मुलाकात।**

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के पूर्णिया में कहा है कि केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरों में भारी कटौती की है जो नवरात्रि से लागू होगी। उन्होंने शीशा बाड़ी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इससे रोज़मर्रा की ज़रूरत की चीज़ें सस्ती हो जाएँगी। गृहिणियों को ज़्यादा सुविधा होगी और साबुन, पेस्ट, स्टेशनरी तथा कपड़े सस्ते हो जाएँगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार बिहार, पश्चिम बंगाल और असम को घुसपैठियों से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने कहा कि बिहार की जनता ने राष्ट्रीस जनता दल और कांग्रेस को उनके कुशासन के कारण सत्ता से बाहर रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों दलों से राज्य की प्रतिष्ठा और पहचान खतरे में हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने चालीस हजार करोड़ रुपये से ज़्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन में महत्वपूर्ण बदलाव ला रही है। सेवा पर्व के अंतर्गत हम पर्यावरण और नमामि गंगे पर प्रकाश डालेंगे। पिछले ग्यारह वर्षों में भारत में जंगली बाघों की संख्या विश्व में सबसे अधिक हो गई है, एशियाई शेर आठ सौ इक्यानबे तक पहुंच चुके हैं, जबकि चीते सात दशकों बाद भारत में लौटे हैं। देश में अब इक्यानबे रामसर साइट्स हैं, जो प्रवासी पक्षियों के संरक्षण का केंद्र बन चुके हैं। "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत एक सौ बयालीस करोड़ से अधिक पेड़ लगाए जा चुके हैं, जिससे प्राकृतिक कार्बन सिंक में वृद्धि हुई है। इसके साथ ही, नमामि गंगे अभियान के माध्यम से गंगा नदी का कायाकल्प किया जा रहा है। सीवेज उपचार क्षमता में तीस गुना से अधिक वृद्धि और गंगा डॉल्फिन की जनसंख्या में वृद्धि ने पारिस्थितिक संतुलन सुधार का प्रमाण दिया है। यह राष्ट्रीय आंदोलन गंगा को स्वच्छ, सुरक्षित और संरक्षित बनाकर हर नागरिक को हरित भविष्य प्रदान करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><><>

वस्तु और सेवाकर परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम कर दीं। आज हम कुछ ऐसी वस्तुओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं जिन पर जीएसटी बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है।

<><><><><><><>

तीन सितंबर को हुई छप्पनवीं जी एस टी काउंसिल बैठक में केंद्र सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए कई महत्वपूर्ण सुधारों का ऐलान किया। अब ज्यादातर खाद्य पदार्थों पर पांच प्रतिशत या शून्य टैक्स लगेगा, जिससे उपभोक्ताओं को सस्ता भोजन मिलेगा। दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसे दूध, पनीर, चपाती, और पिज्जा ब्रेड को जी एस टी से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है, जो पहले पांच प्रतिशत

से अटठारह प्रतिशत तक टैक्स के दायरे में आते थे। इसके अलावा, पैकिंग सामग्री, माल ढुलाई वाहनों, और उनके इंश्योरेंस पर टैक्स भी घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। ये सुधार खाद्य उद्योग, छोटे और मध्यम व्यवसायों, और लॉजिस्टिक्स कंपनियों को फायदा पहुंचाएंगे, साथ ही उपभोक्ताओं के लिए लागत में कमी आएगी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसी सरकारी योजनाओं के जरिए गरीबों को सस्ते खाद्यान्न उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य देशभर में खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सांसद श्री बिष्णुपद रॉय ने पन्द्रह सितंबर को मछुआरों की कल्याण समिति और मछुआरों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ अंडमान और निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव से मुलाकात की। इस बैठक में मोहपुरा के आधुनिक मछली बाजार की बिजली आपूर्ति निलंबन को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। मछली बाजार की बिजली आपूर्ति का निलंबन स्व–निर्माण समूह द्वारा लंबे समय से बकाया बिजली शुल्क का भुगतान न करने के कारण हुआ है, जो मछली बाजार का रखरखाव कर रहा था। साथ ही, डिग्नाबाद में प्रस्तावित नए मछली बाजार के निर्माण में देरी पर भी चर्चा की गई। सांसद ने इस परियोजना को शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि मछुआरों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें। मुख्य सचिव ने मछुआरों की समस्याओं को सुनने के बाद आश्वासन दिया कि आधुनिक मछली बाजार से संबंधित बिजली आपूर्ति समस्या को एक सप्ताह के भीतर हल किया जाएगा, ताकि मछुआरों की आजीविका प्रभावित न हो।

<><><><><><><>

अखिल विश्व गायत्री परिवार, श्री विजयपुरम द्वारा विराट मंगल कलश यात्रा एवं पितृ श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विराट मंगल कलश यात्रा बीस सितंबर दोपहर ढाई बजे राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर खैतान कल्याण मंडप, जंगली घाट में संपन्न होगी। सामूहिक पितृ श्राद्ध एवं तर्पण कार्यक्रम इक्कीस सितंबर, सुबह छह बजे आयोजित किया जाएगा। साथ ही एकादश कुंडीय श्रद्धांजलि गायत्री महायज्ञ भी उसी दिन सुबह आठ बजे खैतान मंडप जंगली घाट में संपन्न होगा, जिसमें भोग वितरण दोपहर दो बजे तक चलेगा। इस आयोजन में सभी नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में एक हजार चौबीस प्री–लिटिगेशन मामलों में से कई बैंक और बी.एस.एन.एल रिकवरी, आपराधिक एवं अन्य मामलों का निपटारा किया गया। कुल तीन दशमलव सड़सठ करोड़ से अधिक राशि की मांग को कम करके वसूल किया गया। मायाबंदर और कैंपबेल बे में भी प्री–लिटिगेशन मामले निपटाए गए, जिससे ऋण ग्राहकों को भारी राहत मिली। कार्यक्रम से न्याय प्रक्रिया को त्वरित और सुलभ बनाने में मदद मिली।

<><><><><><><>